<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा ने रथ यात्रा भक्तों को भोजन और जल सेवा प्रदान की; सीएमडी द्वारा स्टॉल का दौरा

पुरी, 30 जून 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा के दौरान जल और प्रसाद सेवा के माध्यम से महाप्रभु श्री जगन्नाथजी के भक्तों की सेवा की जा रही है। यह पहल 5 जुलाई 2025 तक जारी रहेगी, जिसमें हजारों तीर्थयात्रियों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास इस सेवा में शामिल हुए और भक्तों और स्वयंसेवकों से गर्मजोशी से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि , *"महाप्रभु श्री जगन्नाथजी की असीम कृपा से ही इरेडा को लगातार दूसरे वर्ष भी भक्तों की सेवा करने का यह पुण्य अवसर मिला है। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में हमारे मिशन के साथ-साथ, इस तरह की सामाजिक पहल सामुदायिक कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।"*

इरेडा के सरकारी नामित निदेशक, श्री पदम लाल नेगी, स्वतंत्र निदेशकगण, श्री शब्दशरण एन. ब्रह्मभट्ट, डॉ. जगन्नाथ सीएम जोधीधर, श्रीमती रोहिणी रावत और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कंपनी के स्टॉल का दौरा किया और इस पहल को अपना -अपना समर्थन दिया। इससे पहले दिन में, इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती ने भी इस पुण्य काम को समर्थन देने के लिए कंपनी के स्टॉल का दौरा किया।